# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर आज लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का किया लोकार्पण : कहा– सबके प्रयास से ही सिद्ध होगा विकसित भारत का संकल्प।
2. केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कार्यक्रम को किया सम्बोधित : अटलजी की जयंती पर प्रदेश भर में आयोजित किये गये विविध कार्यक्रम।
3. धूमधाम से मनाया जा रहा है क्रिसमस का त्यौहार : राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को दी बधाई और शुभकामनाएं।

और

4. राज्य में ठंड और घने कोहरे के चलते जन–जीवन प्रभावित : मौसम विभाग ने अधिकांश जनपदों में अगले तीन दिनों के लिये जारी किया घने कोहरे और शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर आज लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण किया। इस मौके पर श्री मोदी ने पूव प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जो और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 65 फीट ऊंची विशाल कांस्य प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उनका अनावरण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने इन राष्ट्र नायकों के जीवन पर आधारित एक भव्य संग्रहालय का भी उद्घाटन किया। कमल के आकार में बने इस संग्रहालय में उन्नत डिजिटल और आकर्षक तकनीकों के माध्यम से भारत की राष्ट्रीय यात्रा और इन दूरदर्शी नेताओं के योगदान को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल हमें यह संदेश देता है कि हमारा हर कदम, हर प्रयास राष्ट्र निर्माण के लिये समर्पित हो। उन्होंने कहा कि सबका प्रयास विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करेगा।

बाइट...

*राष्ट्र प्रेरणा स्थल हमें संदेश देता है कि हमारा हर कदम, हर पग, हर प्रयास राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित हो। सबका प्रयास ही विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करेगा।*

अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ पहुंचाना उनकी सरकार का उद्देश्य है और अब करोड़ों गरीब नागरिकों को इसका

लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर श्री मोदी ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने ऐसी कई पहल की जिससे देश के विकास का परिदृश्य बदल गया। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की पहल का उल्लेख किया और कहा कि वर्ष 2000 के बाद इस योजना के तहत आठ लाख किलोमीटर से अधिक सड़कें बनाई गईं।

आज भारतरत्न महामना मदनमोहन मालवीय जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री मालवीय जी ने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया।

*25 दिसंबर का यह दिन देश की दो महान विभूतियों के जन्म का अद्भुत सुयोग लेकर भी आता है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी, भारत रत्न महामना मदन मोहन मालवीय जी, इन दोनों महापुरुषों ने भारत की अस्मिता, एकता और गौरव की रक्षा की और राष्ट्र निर्माण में अपनी अमीट छाप छोड़ी।*

राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश मंत्रिमंडल के अन्य वरिष्ठ मंत्री मौजूद रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रक्षा मंत्री और स्थानीय सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि अटल जी ने संस्कृति, समाज और राजनीति में महत्वपूर्ण योगदान दिया।
बाइट....

*पिछले एक दशक में हमारा देश जिन मंत्रों के साथ आगे बढ़ा है, उनमें हमारे प्रधानमंत्री जी के द्वारा दिया गया एक महत्वपूर्ण मंत्र है।अपने महापुरुषों और अपनी विरासत का स्मरण करना, उनपर गौरव की अनुभूत करना तथा उनके*

*प्रति सम्मान और उनका संरक्षण इसी सोच से प्रभावित होकर इस प्रेरणा स्थल में भारत के तीन ऐसे महापुरुषों की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं जो प्रेरणा के मूर्त स्वरूप हैं और जिन्होंने आजाद भारत को सम्मान, स्वाभिमान और एक नई पहचान दिलाने का काम किया है।*

कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल जी के विजन के अनुरूप देश मजबूत हुआ है। बाइट...

*प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रेरणा से जब हम आत्मनिर्भर और विकसित भारत का वर्तमान स्वरूप देख रहे हैं तो कहीं ना कहीं हम सब के प्रेरणा के रूप में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और सदैव अटल बिहारी वाजपेई जी का वह मार्गदर्शन भी एक नई प्रेरणा के रूप में हम सबके सामने रहता है।यह वर्ष सदैव अटल बिहारी वाजपेई जी का जन्म शताब्दी महोत्सव का वर्ष है और सदैव अटल जी कहते थे, अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा तो यह केवल मात्र एक आशा नहीं बल्कि भारत राष्ट्र के उज्जवल भविष्य को लेकर के उनके अटल विश्वास, दूरदृष्टि और दृढ़ संकल्प का उद्‌घोष था।*

राष्ट्र प्रेरणा स्थल के उद्‌घाटन समारोह में प्रधानमंत्री को सुनने के लिए प्रदेश भर से लोग सुबह से ही लखनऊ पहुंचने लगे थे। इस दौरान लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। पेश है एक रिपोर्ट....

*लखनऊ की धरती पर प्रधानमंत्री को सुनने के लिए लोगों में गजब का उत्साह रहा। लगभग 2 लाख लोग प्रदेश के विभिन्न ज़िलों से यहां पर आए थे, जो सुबह से ही राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर पहुंच गए थे। उनकी सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं की प्रशासन ने व्यापक व्यवस्था की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभा स्थल पर पहुंचते ही पूरा क्षेत्र भारत माता की जय और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारों से गूंजने लगा। प्रधानमंत्री ने भी हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन स्वीकार किया। कार्यक्रम में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए थे। हजारों की संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी, जिसमें 18 कंपनी पीएसी और चार कंपनी आर ए एफ भी शामिल थी। मुमताज़ अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

———————————

# ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप पादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश भर में पूर्व प्रधानम्रंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती सुशासन दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया जा रहा है। राजधानी लखनऊ सहित विभिन्न जनपदों म इस अवसर पर अटल जी की कविताओं के काव्य पाठ के साथ उनके लेखन, पत्रकारिता, संसद और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दिये गये उनके भाषण पर आधारित अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अटल जी के पैतृक निवास आगरा के बटेश्वर में उनकी जन्म जयंती पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बटेश्वर मंदिर परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक शैक्षिक एवं जन–भागीदारी से जुड़े कार्यक्रम संपन्न हुए। प्रयागराज में इस मौके पर जिला पंचायत सभागार में एक प्रदर्शनी लगायी गयी।

आज महान शिक्षा विद भारत रत्न महामना मदन मोहन मालवीय की भी जयंती है। इस अवसर पर वाराणसी में

नमामि गंगे ने श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।

—————————

आगरा में सांसद खेल स्पर्धा महोत्सव का आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जन्म दिवस पर पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हो गया। केंद्रीय राज्यमंत्री और आगरा शहरी लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रोफ़ेसर एसपी सिंह बघेल ने विजेता खिलाडियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल रूप से खिलाड़ियों से किए गए संवाद और उनके सम्बोधन को सजीव प्रसारण के माध्यम से सुना और देखा गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफ़ेसर एसपी सिंह बघेल ने कहा कि आगरा के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में 21 से 25 दिसम्बर तक चले सांसद खेल महोत्सव में आगरा ही नहीं देश भर से आए खिलाडियों ने उत्साह से प्रतिभाग किया।

—————————

प्रदेश भर में क्रिसमस का त्योहार आज श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गिरजाघरों को खूबसूरत लाइटों, घंटियों और क्रिसमस ट्री से सजाया गया है। कल रात 12 बजे प्रभु ईसामसीह के जन्म के बाद से गिरजाघरों में विशेष प्रार्थनाओं का दौर जारी है। क्रिसमस पर लोगों ने एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

लखनऊ के हजरतगंज और लालबाग स्थित चर्च में प्रभु ईसा मसीह के जीवन पर आधारित झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को क्रिसमस पर्व पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

——————————

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कई जिलों में घने कोहरे के चलते जन–जीवन प्रभावित हो गया है। इसका असर रेल और हवाई यातायात पर भी पड़ रहा है। ठंड को देखते हुए कई जिलों में जिला प्रशासन ने शिक्षण संस्थानों को बंद रखने का निर्देश जारी किया है। कुछ जिलों में स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों में अगले तीन दिनों के लिये अत्यंत घने कोहरे और शीत लहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

——————————